सुविचार

मनुष्य को अवसर के इंतजार में हाथ पर हाथ रखकर नहीं बैठना चाहिए, दिन की शुरुआत अच्छे विचारों से करनी चाहिए। दिन का आरंभ शुभ हो...

दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

न रिश्वत लें, न रिश्वत देंगे

वर्ष: 11 ● डिजिटल अंक : 118 ● मुंबई, गुरुवार 26 दिसम्बर-2024 ● प्रधान सम्पादक: पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 02 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क ●

## खबर संक्षेप

### आरोहण यूथ फेस्ट डिबेट में बीएन महाविद्यालय की हनी सिंह राठौड़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम आरोहण यूथ फेस्ट डिबेट, 2024 प्रतियोगिता में बीएन कॉलेज की शिक्षा संकाय की छात्रा हनी सिंह राठौड़ ने प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिक्षा संकाय अधिष्ठाता डॉ शशि चित्तौडा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उदयपुर सांसद माननीय श्री मन्नालाल रावत, कुलपति प्रो बीपी शर्मा आदि ने मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विभिन्न कालेज से आए छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

### मौसम ने ली अंगड़ाई, सर्दी का मिजाज बढ़ा



● पदमावत मीडिया

बुधवार को झीलों की नगरी में मौसम का मिजाज ठिठुरन भरा रहा। दिन भर लोग अलाव तापते दिखाई दिए। शहर के समीप बडगांव गांव में दोपहर में अलाव तापते आमजन।

### बी. एन. यूनिवर्सिटी के शोधार्थी उमाशंकर मौर्य को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** बी.एन. यूनिवर्सिटी के शोधार्थी उमाशंकर मौर्य को शीर्षक चयनित दवाओं के समकालिक निर्धारण के लिए पराबैंगनी स्पेक्ट्रोफोटोमेट्री और रिवर्स फेज हाई परफॉर्मेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी द्वारा विधि विकास और प्रमाणीकरण÷ पर पीएचडी की डिग्री प्रदान की गई। इस शोध कार्य को डॉ. अंजू गोयल प्रोफेसर, फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री विभाग, बी. एन. कॉलेज के मार्गदर्शन में पूरा किया गया, जिसमें उमाशंकर मौर्य ने विधि विकास और प्रमाणीकरण की उपयोगिता और नए फॉर्मूलेशन बनाने में उनके उपयोग को बताया। तथा अपने शोध को प्रतिष्ठित शोध पत्रों में प्रकाशित करवाया और अपने कार्य को सेमिनारों में प्रस्तुत किया। इनका यह कार्य गुणवत्ता युक्त दवाइयों बनाने में उपयोगी है।

### संगीतमय नाट्य प्रस्तुति से गीता ज्ञान सुन साधक हुए भाव विभोर



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्विद्यालय ने एक निजि अपार्टमेंट मे आध्यात्म का एक विशेष आयोजन किया । केन्द्र की बीके रीटा कुमारी ने बताया कि महाराष्ट्र के राजयोगी ब्रह्माकुमार अविनाश भाई ने दो घण्टे की संगीतमय नाट्य प्रस्तुति से गीता ज्ञान के माध्यम से उपस्थित साधकों को आत्म दर्शन, परमात्मा दर्शन व स्वर्ग दर्शन का यथार्त अनुभव करा भाव विभोर कर दिया। मीडिया समन्वयक प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज उदयपुर सैंटर इस तरह की उत्कृष्ट गीत - संगीत व नृत्य भंगिमाओं वाली प्रस्तुतियों के माध्यम मे आमजन को गीता जीवन जीने का सुगम मार्ग है संदेश देने का अनुपम कार्य करते है ।

# सलूंबर में संभाग स्तरीय सुथार समाज खेल महोत्सव का भव्य आगाज



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com
ईश्वर लाल सुथार
जिला-संवाददाता, सलूम्बर

● पदमावत मीडिया

**सलूम्बर।** श्री विश्वकर्मा मेवाड़ा सुथार महासभा संभाग उदयपुर द्वारा 4 दिवसीय संभाग स्तरीय खेलकुद प्रतियोगिता बुधवार से रा. उ. मा. विद्यालय, सलुम्बर में आयोजित हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि बाल योगिनी शारदा नाथ महाराज देवल आश्रम सरसुनिया, जिला पुलिस अधिक्षक सलूम्बर राजेश यादव, पुलिस उपाधीक्षक हेरंब जोशी, सलूंबर उप प्रधान देवेंद्र सिंह अजबावत, कांग्रेस के पीसीसी सदस्य परमानंद मेहता, सुरेश सुथार, जगदीश सुथार, समाज के 16 बैठक अध्यक्ष शंकर लाल माकडसीमा मौजूद रहे। खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन एसपी राजेश कुमार यादव ने प्रतियोगिता की घोषणा करके आगाज किया। मुख्य अतिथि बाल योगिनी शारदा नाथ महाराज ने कहा कि जिसका बचपन सुधर जाता है उसका जीवन सुधर जाता है। बच्चों को हमें हर परिस्थिति के लिए आत्म निर्भर बनाना चाहिए। महाराज ने कहा कि शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके साथ खेल आपके तनाव को भी दूर करता है। समाज में व्याप्त मनमुटाव समाज के विकास में बाधा उत्पन्न करते हैं।

इसलिए सभी आपसी प्रेम भाईचारे के आधार पर समाज में एकजुटता का संदेश दें जिससे समाज निरंतर प्रगति करता रहे। बच्चे हम माता पिता पर निर्भर करते हैं। इसलिए बचपन से हम हर प्रयत्न कर, उन्हें अच्छी बातों से अवगत करा सकते हैं। ज़िंदगी हमारी आदतों का ही एक रूप है। उप प्रधान देवेंद्र सिंह अजबावत ने कहा कि खेल के साथ-साथ हर विद्यार्थी को शिक्षा के साथ जुडे रहना चाहिए। खेल से व्यक्ति का जीवन स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि खेलों में केवल जीतने वाला ही





विजेता नहीं होता, बल्कि खेलों में भाग लेने वाला हर खिलाड़ी विजेता होता है। एसपी राजेश कुमार यादव ने कहा कि खेल हर समाज के लिए आवश्यक होता है, खेल के माध्यम से समाज का विकास होता है। यादव ने कहा कि समाज हो खेल एक दूसरे के सहयोग की बिना आगे नही बड़ा जा सकता है । इसलिए सभी को एकजुट रहकर समाज में कार्य करना चाहिए जिसे समाज आगे बड़ सकते है। साथ ही पीसीसी सदस्य परमानंद मेहता व शंकर लाल माकडसीमा व कन्हैया लाल सुथार ने अपने विचार व्यक्त किये। क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन एसपी राजेंद्र कुमार ने बोल को शॉट मार कर किया। उद्घाटन समारोह में 16 बैठकों के अध्यक्ष सहित समाज के भामाशाह व गणमान्य लोग मौजूद रहे। सामूहिक विवाह पोस्टर का किया विमोचन ।सुथार समाज विकास संस्थान अध्यक्ष चमन शेखर सुथार ने बताया कि 30 अप्रैल 2025 बुधवार आखातीज को सामूहिक विवाह आयोजन होगा जिसका पोस्टर का विमोचन किया गया। समाज के 51 जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य रखा गया है। 26 दिसम्बर गुरुवार को सायं को सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन होगा, जिसके अतिथि पुलिस उपअधिक्षक हेरम्ब जोशी, उपखण्ड अधिकारी पर्वत सिंह चुण्डावत, नगर परिषद आयुक्त गणपत लाल खटीक रहेंगे। संभागीय महासचिव कन्हैयालाल सुथार ने पधारे हुए सभी मीडियाकर्मियों का आभार व्यक्त किया।

## झालावाड़ में गंगधार पुलिस की चोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# चोर गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार, मल्हारगंज चौमहला स्थित गोदाम से चुराये 13 क्विंटल सोयाबीन से भरे 30 कट्टे बरामद

● पदमावत मीडिया

**जयपुर/झालावाड़।** जिले की गंगधार पुलिस ने चोरों के खिलाफ बडी कार्रवाई कर मल्हारगंज चौमहला स्थित गोदाम से सोयाबीन चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया करीब 13 क्विंटल सोयाबीन से भरे 30 कट्टे बरामद किये है। एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी बचन्या कंजर पुत्र मेताप उर्फ मेहताप कंजर (34), धनराज कंजर पुत्र नागूसिंह (21), कुशाल कंजर पुत्र पटल्या (30) एवं मोखमिया कंजर पुत्र हरला (34) कंजर डेरा बामनदेवरिया थाना उन्हैल जिला झालावाड़ के रहने वाले है। सोयाबीन चोरी के अज्ञात मुलजिमों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने सघन अभियान चला इनकी पहचान व मौजूदगी का गुप्त रूप से पता लगा कर





मुलजिमानों गिरफ्तार किया। एसपी तोमर ने बताया कि फरियादी श्याम लाल राठौर ने 20 दिसम्बर को थाना गंगधार पर रिपोर्ट दी कि 18 व 20 दिसम्बर की रात मल्हारगंज स्थित उसके गोदाम से अज्ञात चोर सोयाबीन के कट्टे चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एएसपी चिरंजी लाल मीना व सीओ जय प्रकाश अटल के सुपरविजन एवं एसएचओ अमर नाथ जोगी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। एसएचओ योगी व उनकी टीम द्वारा सघन अभियान चला आरोपियों की पहचान व मौजूदगी का गुप्त रूप से पता लगा बुधवार को गल्ला व्यापारी के गोदाम से सोयाबीन की फसल चोरी करने वाले गिरोह के 4 सदस्यों धनराज कंजर, कुशाल कंजर, मोखमिया कंजर व बचन्या कंजर को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चुराए गये 30 कट्टे कुल 13 क्विंटल करीब सोयाबीन बरामद करने में सफलता हासिल की है। घटना के कुलसी एवं आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएचओ अमर नाथ जोगी के साथ कांस्टेबल राकेश कुमार, मुकेश कुमार, रघुवीर सिंह, जगदीश, रामनिवास, विनोद कुमार, बृजेश कुमार व रमेश चन्द शर्मा शामिल थे।

## एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की सूचना पर उदयपुर पुलिस ने पकड़ी ड्रग

# 25 लाख रुपये कीमत की 103.71 ग्राम एमडीएमए ड्रग सहित तीन गिरफ्तार

### पैसे नहीं थे तो बुलेट बाइक गिरवी रख खरीदी दी ड्रग, सप्लायर व खरीददार की तलाश जारी

● पदमावत मीडिया

**जयपुर/उदयपुर ।** नए साल के जश्न से पहले प्रोएक्टिव पुलिसिंग के तहत प्रदेश में एजीटीएफ एवं स्थानीय पुलिस द्वारा छापेमारी की जा रही है। एजीटीएफ की सूचना पर मंगलवार रात उदयपुर जिले की सुखेर थाना पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर 103.71 ग्राम एमडीएमए व तीन मोबाइल फोन जब्त किए है। जप्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 25 लाख रुपए आंकी गई है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि उपमहानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशा राम चौधरी के सुपरविजन में गैंगस्टर्स, वांटेड क्रिमिनल एवं तस्करों के बारे में आ सूचना संकलन व धरपकड़ के लिए पुलिस मुख्यालय से एजीटीएफ की विभिन्न टीमों को अलग-अलग शहरों में रवाना किया गया है। आसूचना संकलन के दौरान टीम के सदस्य हेड कांस्टेबल महावीर सिंह एवं कांस्टेबल नरेंद्र पाटीदार को मंगलवार को पुख्ता सूचना मिली कि तीन युवको के पास भारी मात्रा में ड्रग्स है जो अभी सूखेर थाना इलाके में है। इसके बारे में सूचना टीम ने तुरंत एसएचओ सुखेर को दी। भैरव गढ 200 फीट रोड पर तीन युवा उम्र के सन्दिग्ध लडके पुलिस को खड़े दिखाई दिए, जो आपस में बाते कर रहे थे। पुलिस वाहन देख कर अचानक वे हडबडा कर भागने लगे।





सुखेर थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीनो युवकों को रोककर भागने का कारण पूछा तो तीनों युवक कोई संतोषप्रद जबाव नही दे पाए। तीनो की गतिविधिया संदिग्ध लगने पर नाम पता पूछा तो एक ने आदिल छीपा पुत्र मोहम्मद अशफाक (22) पेशा प्राईवेट नौकरी निवासी देहली गेट, थाना कोतवाली चितौडगढ, दुसरे ने समीर छीपा पुत्र महबुब (22) पेशा पढाई निवासी छीपा मोहल्ला आयड, थाना भुपालपुरा जिला उदयपुर व तीसरे ने अपना नाम अब्बु फैजान पुत्र रसीद मोहम्मद (22) निवासी गणेष नगर पायडा थाना प्रतापनगर उदयपुर बताया। तलाशी में आदिल के पास से 39.92 ग्राम एमडीएमए ड्रग, समीर के पास से 33.74 ग्राम एवं अब्बु फैजान के पास 30.05 ग्राम कुल 103 ग्राम 71 मिलीग्राम एमडीएमए ड्रग एवं तीन मोबाइल जब्त किये गए। मादक पदार्थ एमडी ड्रग कहां से खरीदा गया के बारे में पूछा गया तो तीनो ने बताया कि उनके पास ड्रग खरीदने के पैसे नहीं थे तो उन्होंने अपने ताऊ के लड़के आसिफ की बुलेट बाइक अंजुमन मुखर्जी चौक निवासी लक्की उर्फ छोटा फरहान के पास गिरवी रख उससे ड्रग खरीदी है। जिसे वे आगे सप्लाई करने जा रहे थे। अवैध मादक पदार्थ 103.71 ग्राम एमडीएमए ड्रग एवं तीनों मोबाइल जप्त कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया जाकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस के तहत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों आदिल छीपा समीर छीपा एवं अब्बू फैजान से पुलिस इनके नेटवर्क एवं अन्य अपराधिक घटनाओं के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशाराम चौधरी के सुपरविजन में की गई इस कार्रवाई में एजीटीएफ से हेड कांस्टेबल महावीर सिंह एवं कांस्टेबल नरेंद्र पाटीदार की विशेष भूमिका रही, वहीं एसएचओ सुखेर हिमांशु सिंह एवं उनकी टीम का भी शानदार योगदान रहा।

# स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण में सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग नहीं करने की दिलाई शपथ

● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ ।** ज़िला कलेक्टर अंजली राजोरिया के निर्देश से स्वच्छ भारत मिशन के तहत 25 दिसम्बर 24 से 31 दिसंबर 2024 तक स्वच्छता सप्ताह आयोजित किया जा रहा है । स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को प्रतापगढ़ पंचायत समिति परिसर में स्टाफ कर्मचारियों जनप्रतिनिधियों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के बारे में शपथ ली गई है । सहायक विकास अधिकारी भीमराज प्रजापत ने शपथ दिलाई । उक्त जानकारी ब्लॉक कॉर्डिनेटर कारुलाल देवड़ा ने दी ।



## श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के तत्वावधान में हुआ आयोजन

# पार्श्वनाथ मंदिर में सत्तरभेदी पूजा व ध्वजा परितर्वन समारोह सम्पन्न

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के तत्वावधान में 108 पार्श्वनाथ की श्रृंखला में मणि समान चमकता सविना स्थित पार्श्वनाथ मंदिर में पोश दशमी के मेले का आयोजन बुधवार 25 दिसंबर को आयोजित हुआ। महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर एवं कार्यक्रम संयोजक अंकुर मुर्डिया व राजू पंजाबी ने बताया कि आयोजन गवर्नमेंट स्कूल के सामने सविना पार्श्वनाथ मंदिर में बुधवार सुबह 9.30 बजे सत्तरभेदी पूजा एवं ध्वजा परिवर्तन का आयोजन हुआ।

जिसमें सत्तरभेदी की पूजा पढ़ाई गई। कालूलाल मीना देवी जैन परिवार द्वारा ध्वजा परितर्वन की गई। उसके बाद सभी श्रावक-श्राविकाओं का समामूहिक स्वामी वात्सल्य का आयोजन हुआ। संयोजक चतर सिंह पामेचा दलपत दोषी ने आयोजन में आए श्रावक-श्राविकाओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान उपाध्यक्ष भोपाल सिंह परमार, राजेश जावरिया, कुलदीप नाहर, अकुंर मुर्डिया, चतर



सिंह पामेचा, दलपत दोशी, सतीस कच्छारा, राजेन्द्र जवेरिया, गजेन्द्र खाब्या, पिन्टू चौधरी, रणजीत मेहता, चन्द्रसिंह सुराणा, दिनेश बापना सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## स्वयं से स्वयं की चिकित्सा पद्धति है एक्यूप्रेशर

# डॉ. अल्पना बोहरा ने अनुपम महिला क्लब में एक्यूप्रेशर के फायदे बताए

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** अनुपम महिला क्लब द्वारा आयोजित विषय पर विशेष कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. अल्पना बोहरा, प्रेसिडेंट ऑफ कंज्यूमर प्रोटेक्शन ऑर्गेनाइजेशन, नई दिल्ली (डिस्ट्रिक्ट उदयपुर) और पूर्व उपाध्यक्ष, रोल्टा इंडिया लिमिटेड, ने बताया कि एक्यूप्रेशर एक अहिंसक चिकित्सा पद्धति है, जो भारत की प्राचीन विरासत है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में नमस्ते करना और हाथ मिलाना जैसी परंपराएं एक्यूप्रेशर से जुड़ी हुई हैं। यह ऐसी चिकित्सा प्रणाली है जिसे कहीं भी, कभी भी अपनाया जा सकता है। डॉ. बोहरा ने समझाया कि हमारे हाथ हमारे पूरे शरीर का प्रतिनिधित्व करते हैं। यदि हाथ के बिंदुओं को समझ लिया जाए, तो शरीर के रोगों और उनके कारणों को भी समझा जा सकता है। उन्होंने बताया कि ताली बजाने से शरीर के सभी पॉइंट्स सक्रिय हो जाते हैं और इससे स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है। कार्यक्रम में डॉ. बोहरा ने सिर दर्द, घुटनों के दर्द, बीपी, किडनी, कमर दर्द, सायटिका, फ्रोजन शोल्डर सहित अनेक बीमारियों पर एक्यूप्रेशर पद्धति का लाइव प्रदर्शन किया। उन्होंने यह भी बताया कि यह चिकित्सा पद्धति बिल्कुल निशुल्क और साइड इफेक्ट्स से मुक्त है।

### सम्मान और आभार

मुख्य वक्ता डॉ. अल्पना बोहरा का सम्मान अनुपम महिला क्लब की प्रेसिडेंट ममता बोहरा और ज्वाइंट सेक्रेटरी रेणु कांडा ने किया। कार्यक्रम में 25 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया और एक्यूप्रेशर के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

यह जानकारी कंज्यूमर प्रोटेक्शन ऑर्गेनाइजेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजश्री गांधी ने साझा की। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता जागरूकता के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर निरंतर मेडिकल कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। डॉ. गांधी ने यह भी बताया कि इस मेडिकल कैंप का आयोजन उपभोक्ता दिवस के उपलक्ष्य में किया गया। आगामी महीनों में दिसंबर और जनवरी के दौरान विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में भी ऐसे जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# राजस्थान निदेशालय एनसीसी का एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर का बीएन परिसर में शुभारंभ

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** एनसीसी महानिदेशालय राजस्थान के तत्वाधान में उदयपुर समूह मुख्यालय द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर÷ का आयोजन दिनांक 23 दिसंबर 2024 से 3 जनवरी 2025 तक 5 राज गर्ल्स बटालियन एनसीसी द्वारा भूपाल नोबल संस्थान के कैंपस में आयोजित किया जा रहा है। उक्त शिविर में आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना निदेशालय के 150 तथा राजस्थान निदेशालय के उदयपुर, कोटा, जोधपुर और जयपुर संभाग के 450 कैडेट्स भाग ले रहे हैं। शिविर का मुख्य उद्देश्य आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना तथा राजस्थान निदेशालय के कैडेट्स को एक दूसरे की कला, संस्कृति, वेशभूषा, खानपान तथा भाषा को साझा करना है। 12 दिवसीय शिविर में आंध्र प्रदेश से आए कैडेट्स को मेवाड़ की धरती पर शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत उदयपुर दर्शन कराया जाएगा। जिसमें उनका उदयपुर के प्रमुख दार्शनिक स्थल गुलाब बाग, सिटी पैलेस, सहेलियों की बड़ी, प्रताप गौरव केंद्र इत्यादि का भ्रमण कराया जाएगा। साथ ही मेवाड़ की धरती की गौरव गाथा और महाराणा प्रताप के जीवन शैली का चलचित्र द्वारा परिचय दिया जाएगा। कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल मनमोहन सिंह रावत द्वारा शिविर के शुभारंभ समारोह में दूसरे राज्यों से आए समस्त कैडेट्स तथा स्टाफ का हार्दिक अभिनंदन किया गया। उन्होंने कैडेट्स को पूर्ण अनुशासन में रहकर शिविर के निश्चित ट्रेनिंग प्रोग्राम को पालन करने के दिशा निर्देश भी दिए। कैंप कमांडेंट ने कहा कि यह शिविर सबके लिए एक यादगार और शिक्षाप्रद





शिविर रहेगा। इस मौके पर उदयपुर समूह मुख्यालय से आए समस्त अधिकारी, एसोसिएट एनसीसी अधिकारी, गर्ल्स कैडेट इंस्ट्रक्टर तथा समस्त स्टाफ उपस्थित था। संध्या काल में काम कमांडेंट द्वारा कैंप में उपस्थित सभी स्टाफ की कॉन्फ्रेंस ली गई तथा उनको आगामी दिनों में होने वाली प्रतियोगिताएं तथा शैक्षिक भ्रमण के कार्यक्रम से अवगत कराया गया।

### प्रतापगढ़ जिले की देवगढ़ थाना पुलिस ने किया डकैती की वारदात का खुलासा

# 6 महीने पहले कलेक्शन कर लौट रहे मुनीम से लूटे थे 3 लाख नकद, तीन आरोपी बापर्दा गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** जिले की देवगढ़ थाना पुलिस ने 6 महीने पहले दिवाक माता मंदिर से चिकलाड के बीच सुनसान रास्ते पर बाइक सवारों द्वारा व्यापारी के मुनीम से 3 लाख रुपये नगद व मोबाइल की लूट के मामले का खुलासा कर तीन आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया है। एसपी विनीत कुमार बंसल 23 जून को मुनीम रूपलाल मीणा (30) द्वारा रिपोर्ट दी गई कि उसके सेठ हसमुख जैन निवासी देवगढ की दुकान शहर में स्थित है। उनकी दुकान से फुटकर व्यापारी माल उधार लेकर दिवाक माता मंदिर के आस पास दुकाने लगाते है। आज 23 दोपहर करीब 1 बजे वह कलेक्शन करने बाइक लेकर दुकान से निकला था। दिवाक माता मंदिर पहुँच फुटकर व्यापारियों से उधारी सामान के करीब 03 लाख रूपये बैग में रख शाम 6.30 बजे खुंटगढ से



चिकलाड की तरफ आ रहा था। मोड में आस पास उसके आगे दो मोटरसाइकिले आई। उन पर दो-दो आदमी थे, जिन्होने मुहँ कपडे से ढक रखे थे। उनमें से एक ने मुझे पीछे से पकड कर नीचे गिरा दिया और मारपीट करके पैसों वाला बैग, मोबाईल व मोटरसाइकिल की चाबी छिनकर भाग गये। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया। इस घटना के बारे में एसएचओ मिश्री लाल चौहान द्वारा एसपी बसंल को बताया गया। जिनके निर्देश पर लूट, चोरी, नकबजनी व डकैती की घटनाओं का खुलासा कर वांछित अपराधियों की धरपकड के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत एएसपी परबत सिंह व सीओ नाना लाल सालवी के सुपरविजन में थाना देवगढ़ से पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा अभियुक्तों की तलाश प्रारंभ की गयी। दौराने तलाश मुखबिर की आसुचना और तकनीकी साक्ष्यों की सहायता से पुलिस टीम ने 03 अभियुक्तों को डिटेन किया है। मनोवैज्ञानिक तरीके से घटना के बारे मे पुछताछ करने पर अभियुक्तों ने उक्त घटना करना स्वीकार किया है। तीनों अभियुक्तों को बापर्दा गिरफ्तार किया जाकर घटना में सलिंप्त अन्य साथी की तलाश जारी है।

# जिला स्तरीय विशाल सत्संग को लेकर निकाली विशाल वाहन रैली

● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़।** पूर्ण परमात्मा कबीर साहेब और जगतगुरु तत्वदर्शी सन्त रामपाल जी महाराज जी की असीम दया से राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले में जिला स्तरीय विशाल सत्संग देहज मुक्त विवाह (रमैणी) रक्तदान, देहदान शिविर व निःशुल्क नामदीक्षा का आयोजन 27 दिसम्बर, शुक्रवार प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक सुखाडिया स्टेडियम नीमच चोराहा प्रतापगढ़ में किया जा रहा है। जिला स्तरीय विशाल सत्संग को लेकर बुधवार को सामुदायिक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी प्रतापगढ़ से बग़वास, धरियावद नाका, नीमच नाका, बस स्टैंड, मंदसौर नाका, मानपुरा, नाकोड़ा नगर, पीजी कॉलेज, किला परिसर, मंडी परिसर से होते हुए वापस विशाल वाहन रैली का समापन हाउसिंग बोर्ड सामुदायिक भवन पर हुआ। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुगण अपने वाहन लेकर वाहन रैली में शामिल हुए और सभी ने सत्संग को लेकर निमंत्रण पत्र दिया। संत




रामपाल जी महाराज के जिला सेवादारों द्वारा कहीं दिनों से घर-घर जाकर विशाल सत्संग में भाग लेने को लेकर भी निमंत्रण देकर व्यापक स्तर पर होर्डिंग्स, बैनर, पैम्पेलट, रैली आदि के माध्यम से जिले में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सेवादारों ने बताया कि इस पावन धार्मिक आयोजन में सभी अपने मित्रो, रिश्तेदारों व परिवार सहित को सादर आमंत्रित किया हैं।

### संत रामपाल जी महाराज का मुख्य उद्देश्य

संत रामपाल जी महाराज का मुख्य उद्देश्य यह है कि भ्रष्टाचार को खत्म करना, विश्व को सतभक्ति देकर मोक्ष प्रदान करना, समाज से जाति-पाति के भेद को मिटाना, युवाओं में नैतिक और आध्यात्मिक जाग्रति लाना, समाज से हर प्रकार के नशे को दूर करना, समाज से दहेज रूपी कुरीति को जड़ से खत्म करना, समाज में शांति व भाईचारा स्थापित करना व सामाजिक बुराइयों को समाप्त करके स्वच्छ समाज तैयार करना है।

# सहकार से समृद्धि अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम





● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** ''सहकार से समृद्धि'' अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को केन्द्रीय सहकारी बैंक उदयपुर के सभागार में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उदयपुर ग्रामीण विधायक फुलसिह मीणा थे और अध्यक्षता राजस्थान राज्य सहकारिता प्रकोठ के संयोजक प्रमोद सामर ने की। जिला स्तरीय कार्यक्रम में नवगठित 9 समितियों को पंजीयन प्रमाण पत्र , 5 पशुपालकों को गोपाल क्रेडिट कार्ड, 5 कृषकों को अल्पकालीन ऋण के सांकेतिक चैक और 3 समितियों को माईक्रो एटीएम का किया वितरण किया गया । कार्यक्रम में उदयपुर, सलुम्बर एवं राजसमन्द जिले की विभिन्न ग्राम सेवा सहकारी समितियों एवं दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के 250 पदाधिकारियों एवं सदस्यों की भागीदारी रही।

### राष्ट्रीय कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने किया संबोधित

प्रारम्भ में नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राष्ट्रीय समारोह का लाईव टेलीकास्ट प्रतिभागियों को दिखाया गया। इस समारोह में केन्द्रीय मंत्री ने ''सहकार से समृद्धि '' योजना में 54 योजनाओं के महत्व को रेरखांकित करते हुए वर्तमान परिपेक्ष्य में उनकी सार्थकता का वर्णन किया और सहकारी समितियों के पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया।

### राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रीगणों ने किया संबोधित

राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, सहकारिता मंत्री श्री गोतम दक, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री जोराराम कुमावत एवं गृह एवं डेयरी राज्य मंत्री श्री जवाहर सिंह बेढम ने संबोधित किया।

### जिला स्तरीय कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में उदयपुर डेयरी अध्यक्ष डालचन्द डांगी, नाबार्ड के जिला विकास प्रबन्धक नीरज यादव, डायालाल लबाना, डॉ. मेहजबीन बानो, डॉ, प्रमोद कुमार आदि की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में अतिरिक्त रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, उदयपुर खण्ड एवं केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. के प्रबन्ध निदेशक हरी सिवासिया ने आभार जताया।

### सुशासन दिवस पर पंचायत से लेकर जिला स्तर पर हुए आयोजन

# सुशासन के लिए संकल्पित है शासन और प्रशासनः विधायक फूलसिंह मीणा

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती बुधवार को सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। जिला प्रशासन व नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में नगर निगम के पं दीनदयाल उपाध्याय सभागार में सुशासन दिवस कार्यक्रम हुआ। इसमें जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने सुशासन की शपथ दोहराई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उदयपुर ग्रामीण विधायक श्री फूलसिंह मीणा ने श्री वाजपेयी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन देश सेवा में समर्पित कर दिया। बतौर जनप्रतिनिधि उन्होंने उच्च आदर्श स्थापित किए, यही वजह है कि आज पूरे देश में उनका समान भाव से आदर किया जाता है। विधायक श्री मीणा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन से प्रेरणा लेकर आमजन को सुशासन उपलब्ध कराना प्रत्येक जनप्रतिनिधि और लोक सेवक की जिम्मेदारी है। सरकार और प्रशासन इसके लिए संकल्पित हैं। विशिष्ट अतिथि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के समन्वयक श्री के के गुप्ता, गिरीश शर्मा व




नरेशकुमार शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। प्रारंभ में अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर श्री वाजपेयी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। विधायक श्री मीणा ने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व कार्मिकों को सुशासन के उच्चतम मापदण्ड स्थापित करने, शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जनकल्याण केंद्रित और जवाबदेह बनाने की शपथ दिलाई। इस दौरान सफाई कर्मियों, सुलभ केयर टेकर तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छ भारत स्वच्छ उदयपुर पोस्टर का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन, नगर निगम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। उधर, प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं ब्लॉक मुख्यालयों पर भी सुशासन दिवस मनाया गया। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों, कार्मिकों ने भाग लेकर सुशासन की शपथ दोहराई।

# राजस्थान युवा महोत्सव का आयोजन आज

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** जिला प्रशासन उदयपुर द्वारा जिला स्तरीय राजस्थान युवा महोत्सव का आयोजन गुरुवार को टाऊन हॉल स्थित नगर निगम के सुखाड़िया रंगमंच पर किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्य सचिव व सीडीइओ महेंद्र कुमार जैन ने बताया कि जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी मुख्य अतिथि होंगे जबकि अध्यक्षता सांसद डॉ मन्नालाल रावत करेंगे। जैन ने बताया कि सुबह 7ः30 से 9ः30 बजे तक सभी प्रतिभागियों का पंजीयन टाउन हाल स्थित सुखाडिया रंग मंच में किया जाएगा। तत्पश्चात दस बजे से यही उदघाटन समारोह आयोजित किया जाएगा।उदघाटन के बाद सुबह 11 बजे से प्रतियोगिताएं शुरू हो जाएगी जो कि चार अलग अलग स्थानों पर आयोजित की जाएगी। इसमें समूह नृत्य सुखाडिया रंग मंच पर आयोजित किया जाएगा। जबकि एकल लोक नृत्य की प्रतियोगिताएं पं दीनदयाल उपाध्याय सभागार में करवाई जाएगी। वहीं रावण हत्था, रम्मत, खडताल, फड़,मोरचंग,भपंग अलगोजा कठ-पूतली, एकल लोक गायन, समूह लोक गायन,पेंटिग माण्डणा, भित्ति चित्र ,कविता लेखन ,कहानी लेखन,भाषण,टेक्सटाइल,हस्त शिल्प प्रतियोगिता माणिक्य लाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय के विविध कक्षों में आयोजित होगी। इसी प्रकार विज्ञान मेला तथा कृषि उत्पादों से संबंधित गतिविधियां राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में आयोजित की जाएगी। अपराह्न 3ः30बजे से समापन समारोह सुखाडिया रंग मंच नगर निगम में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

# ग्रीन पीपल सोसाइटी का10 दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

## पर्यावरण संरक्षण के साथ वन एवं वन्यजीव क्षेत्र से जुड़े विषयों पर हुई चर्चा

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** ग्रीन पीपल सोसाइटी द्वारा आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण में पर्यावरण संरक्षण, वन और वनस्पति के साथ इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जन जीवन के बारे में जानकारी दी गई। इंटर्न विद्यार्थी हर्ष माथुर ने अपने अनुभव को साझा करते हुए प्रेजेंटेशन में जन जागरण समिति द्वारा स्थानीय ट्रेडिशनल हर्ब्स एवं आयुर्वेदिक महत्व के विभिन्न जड़ी बूटियां , पादप ,लताओं एवं वृक्षों के जानकारी दी। फिनिश समिति द्वारा स्वच्छ भारत मिशन में वेस्ट मैनेजमेंट एवं प्लास्टिक प्रदूषण को खत्म करने व पब्लिक हेल्थ इश्यूज पर की जा रही कार्रवाई से अवगत कराया गया । झील संरक्षण समिति द्वारा झीलों के संरक्षण, स्वच्छता एवं उन्हें प्रदूषण मुक्त रखने के बारे में बताया। आरएसएमएम द्वारा झामर कोटडा में खनन संबंधी एक्टिविटीज एवं रिक्लेमेशन कार्यों के संबंध में तथा खनन से उत्पन्न प्रदूषण, मृदा क्षरण आदि विषयों पर प्रशिक्षित किया। जीपीएस द्वारा पैडल टू जंगल के आठवें संस्करण में प्रशिक्षार्थियों को



बांसवाड़ा के माही डैम के बैकवॉटर्स में आदिवासियों के लिए नवाचार , उनके जीवन शैली , संस्कृति , खानपान, रहन-सहन एवं शिक्षा के साथ उनसे जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में अवगत कराया। जीपीएस द्वारा वन एवं वन क्षेत्र के संवर्धन कार्यों , वन्यजीवों की सुरक्षा कार्यों , लघु वन उपज के बारे में जानकारी , स्थानीय आदिवासियों की जीवन शैली इत्यादि के बारे में बताते हुए झाडोल कोटडा क्षेत्र का फील्ड निरीक्षण कराया। अंत में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष राहुल भटनागर, सुहेल मजबूर ,इंद्रजीत माथुर,वीएस राणा, मोहम्मद यासीन पठान, ललित जोशी आदि उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।